Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 21-03-2006

Participants : Yadav Dr. Karan Singh

an>

Title : Need to sanction the construction of an under bridge at Khairthal on Delhi-Jaipur-Rewari broad gauge line under North-Western Railways.

डॉ. करण सिंह यादव (अलवर) : उपाध्यक्ष महोदय, यूं तो हर लेवल रेलवे क्रॉसिंग और रेलवे फाटक से जनता को असुविधा होती है, लेकिन मेरे लोकसभा क्षेत्र में उत्तर पश्चिमी रेलवे की दिल्ली-जयपुर-रिवाड़ी बड़ी लाइन पर स्थित खैरथल कस्बे में रेल वे फाटक के कारण यातायात की भारी अव्यवस्था रहती है। खैरथल कैस्बा एक बहुत बड़ी कृि मंडी है, जहां काफी संख्या में ट्रक और ट्रैक्टर्स का आवागमन होता रहता है। रेलवे फाटक के बार-बार बन्द होने से मीलों लम्बा जाम लग जाता है। खैरथल की जनता की लम्बे समय से यह मांग रही है कि इस रेलवे फाटक से करीब 300 मीटर आगे जाकर एक अण्डर ब्रिज का निर्माण किया जाए जिससे कम से कम हल्के चौपहिया-दुपहिया वाहन एवं पैदल यात्री जा सकें। खैरथल के विकास मंच की मांग पर रेल प्रशासन ने इस कार्य हेतु लगभग 37 लाख रूपए का एक इस्टीमेट बनाकर जनता के पास भेजा है। खैरथल विकास मंच एक स्वयंसेवी संस्था है और इसके पास इतनी बड़ी राशि जमा कराने का कोई साधन नहीं है। अतः मैं माननीय रेलमंत्री से प्रार्थना करूंगा कि क्षेत्रीय लोगों की कठिनाई को देखते हुए, खैरथल में एक अण्डर ब्रिज का निर्माण किए जाने की स्वीकृति देने की कृपा करें।